

**परियोजना के बारे में ताज़ा जानकारी**

# ऐम्ब्रिको और क्लिंकर प्लेस स्टॉर्मवाटर अपग्रेड


## हमने आपके फीडबैक को सुना है

ऑकलैंड काउंसिल का हेल्दी वाटर्स विभाग इलाके में स्टॉर्मवाटर नेटवर्क में उल्लेखनीय सुधार करने के लिए काम कर रहा है, ताकि उसे भविष्य में होने वाली नई घटनाओं से सुरक्षित किया जा सके। यह परियोजना न्यू लिन में विकसित किए जा रहे क्लिंकर प्लेस विशेष आवास क्षेत्र के लिए उपयोगी होगी, जिससे हजारों नए घरों का निर्माण होने की संभावना है। इससे ऑकलैंड काउंसिल कम्युनिटी फैसिलिटीज़ के लिए नए आवासीय विकास के भाग के रूप में एक विशाल पार्क का निर्माण करने का मार्ग भी प्रशस्त होगा।

हमने हाल ही में अपनी परियोजना टीम का परिचय देने और इस परियोजना के बारे में अधिक जानकारी साझा करने के लिए एक सामुदायिक जानकारी सत्र का आयोजन किया। आपने इस बारे में उपयोगी फीडबैक प्रदान किया कि आपके समुदाय के लिए क्या महत्वपूर्ण है। इसके जवाब में हमने परियोजना में सकारात्मक परिवर्तन करने के लिए अपने ठेकेदारों के साथ काम किया है, अपने संसाधन सहमति आवेदन में संशोधन किया है और इस ताज़ा जानकारी को आपके साथ साझा कर रहे हैं।

### परियोजना के प्लान का सार

एक नया स्टॉर्मवाटर पाइप क्लिंकर प्लेस विकास साइट से शुरू होकर ऐम्ब्रिको प्लेस से होते हुए मनावा वेटलैंड रिजर्व में नए निकास तक लगभग 530 मीटर की दूरी तक जमीन के नीचे चलेगा। खाई से रहित कार्य पद्धति में एक स्लरी टनेल बोरिंग मशीन (TBM) का उपयोग किया जाएगा, जिससे हमें जनता के कामकाज में खलल को कम करने में मदद मिलेगी।





तीन शाफ्टों को अस्थायी रूप से इनस्टॉल किया जाएगा:

- मेलव्यू प्लेस पर, मनावा वेटलैंड रिजर्व के बगल में और 10 ऐम्ब्रिको प्लेस के सामने
- 5 ऐम्ब्रिको प्लेस (जिसे ऐम्ब्रिको रिजर्व के नाम से जाना जाता है) में रोड रिजर्व के भीतर
- क्लिंकर प्लेस विकास साइट के भीतर।

इन शाफ्टों का उपयोग टनेल बोरिंग मशीन को लगाने और वापस निकालने के लिए किया जाएगा।

### परियोजना में परिवर्तन

5 ऐम्ब्रिको प्लेस की शाफ्ट साइट का उपयोग आरंभ में मुख्य साइट कंस्ट्रक्शन स्टेजिंग क्षेत्र के रूप में करने की योजना थी जहाँ से TBM को दोनों दिशाओं में काम पर लगाया जाने वाला था। इससे ऐम्ब्रिको रिजर्व के अधिकांश भाग में बड़ी मशीनों को रखने की जरूरत पड़ने वाली थी ताकि टनेल बोरिंग मशीन और पाइपों को शाफ्ट में सुरक्षित रूप से ले जाया जा सके। इस क्षेत्र का उपयोग पूरी 18 महीने की योजना में किया जाने वाला था।



- हमने निर्माण की कार्य पद्धति में परिवर्तन किए हैं और अब हम ऐम्ब्रिको रिजर्व का उपयोग मुख्य साइट कम्पाउंड के रूप में नहीं करेंगे
- ऐम्ब्रिको रिजर्व निर्माण क्षेत्र को कम कर दिया गया है। अब रिजर्व के उत्तरी सिरे के लगभग 40% भाग का उपयोग किया जाएगा (संसाधन सहमति अनुमोदन के मिलने के बाद)। इससे हम खेल के मैदान सहित, रिजर्व के 60% भाग को जनता के लिए खुला रख सकेंगे (केवल काली दानेदार लाइन में आने वाले क्षेत्र पर ही कब्जा किया जाएगा)
- हमारी  ऐम्ब्रिको रिजर्व के भीतर कब्जा करने की अवधि कम होकर नौ महीने हो जाएगी
- 10 ऐम्ब्रिको प्लेस के निर्माण क्षेत्र को कम करके निजी संपत्तियों से 10 मीटर का बफ़र बनाया जाएगा
- क्लिंकर प्लेस विकास क्षेत्र का उपयोग मुख्य कंस्ट्रक्शन स्टेजिंग क्षेत्र के रूप में किया जाएगा
- स्पॉइल सेपरेशन और ट्रीटमेंट संयंत्र अब ऐम्ब्रिको रिजर्व के भीतर स्थित नहीं होगा, जिससे शोर प्रदूषण और ऐम्ब्रिको प्लेस में ट्रकों की आवाजाही में कमी आएगी।

## पेड़ों और रिजर्व की बहाली

रिजर्व के उत्तरी सिरे पर कुछ पेड़ों को हटाने की जरूरत है ताकि उपकरणों को कार्य स्थल तक सुरक्षित ढंग से पहुँचाया जा सके। हालांकि हम इसके प्रति समुदाय की आपत्ति को समझते हैं, सुरक्षित कार्य क्षेत्र का निर्माण करने के लिए इन पेड़ों को हटाना आवश्यक है। हमने पेड़-पौधों को सुरक्षित रखने और जब भी संभव होगा तब वापस लगाने के लिए निम्नलिखित कदम उठाने के लिए सहमति दी है।

- रिजर्व में रहने वाले किसी भी पेड़ के लिए वृक्ष संरक्षण उपाय किए जाएंगे ताकि सुनिश्चित हो सके कि उन्हें नुकसान न पहुँचे
- परियोजना के अंत में रिजर्व की बहाली के भाग के रूप में, जहाँ संभव होगा वहाँ, हटाए गए पेड़ों की जगह अर्ध-परिपक्व पेड़ लगाने की योजना बनाई गई है
- हम रिजर्व को पूरी तरह से बहाल करने के लिए सामुदायिक सुविधाओं और स्थानीय बोर्ड के साथ काम कर रहे हैं।

## यातायात

- हमारी कार्य पद्धति में परिवर्तनों के कारण क्षेत्र में बड़े ट्रकों की आवाजाही में उल्लेखनीय कमी हो गई है, जिससे निवासियों के कामकाज में खलल में कमी आएगी
- निर्माण की अधिकांश अवधि के दौरान ऐम्ब्रिको प्लेस में दो-तरफा यातायात कायम रखा जाएगा। जब हमें उपकरणों को लगाने के लिए सड़क को अस्थायी रूप से एक तरफ बंद करने करने की जरूरत पड़ेगी तब हम आपसे संपर्क करेंगे।
- जैसे-जैसे परियोजना आगे बढ़ेगी, एक यातायात प्रबंधन योजना स्थापित की जाएगी।

## सामुदायिक गतिविधियाँ

हम समुदाय के फीडबैक और निवासियों के लिए रिजर्व के महत्व का सम्मान करते हैं।

- हम निर्माण की अवधि के दौरान शैक्षणिक और पेड़ लगाने के अवसरों तथा सामुदायिक कार्यक्रमों सहित गतिविधियाँ संभव करने के लिए सामुदायिक सशक्तिकरण टीम के साथ काम कर रहे हैं। कार्यक्रमों को अंतिम रूप दिए जाने पर इसके बारे में अधिक जानकारी साझा की जाएगी।

## अगले कदम

यह संशोधित कार्य कार्यक्रम संसाधन सहमति प्रक्रिया से गुजर रहा है और हमें आशा है कि जून के अंत तक निर्णय ले लिया जाएगा। यदि यह योजना सफल रहती है, तो निर्माण कार्य के अगस्त 2021 के आरंभ में शुरू होने की संभावना है।

हम अधिक विवरणों के उपलब्ध होने पर आपसे दोबारा संपर्क करेंगे।

**अधिक जानें:** www.aucklandcouncil.govt.nz/clinkerplacehw पर जाएं या clinkerplaceHW@aucklandcouncil.govt.nz पर ईमेल करें

Auckland Council
Te Kaunihera o Tāmaki Makaurau